लखनऊ, बुधवार
26 अगस्त, 2026
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 22+4=26

# दैनिक जागरण

www.jagran.com



रिंकू और जीशान ने मेरठ को दिलाई लगातार सातवीं जीत 17
चुनौतियों को समस्या बनने से पहले ही नष्ट करना होगा 17



## भाषा विश्वविद्यालय में बढ़ी विद्यार्थियों के लिए चिकित्सा सुविधाएं

**लखनऊ:** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए एरा मेडिकल यूनिवर्सिटी एवं कैरियर मेडिकल कालेज के साथ हुए एमओयू के तहत चिकित्सकीय सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

अभी तक एक चिकित्सक प्रतिदिन विश्वविद्यालय की डिस्पेंसरी में अपनी सेवाएं देते थे। अब नई व्यवस्था के अंतर्गत एरा मेडिकल यूनिवर्सिटी एवं कैरियर मेडिकल कालेज के चिकित्सक एवं नर्सिंग स्टाफ विश्वविद्यालय में सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक उपलब्ध रहेंगे।

कुलपति प्रोफेसर अजय तनेजा ने बताया कि विश्वविद्यालय की डिस्पेंसरी में विद्यार्थियों एवं विश्वविद्यालय परिवार के लिए प्राथमिक उपचार की सुविधा मिलेगी। यहां ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर सहित आवश्यक शुरुआती जांच की सुविधा उपलब्ध रहेगी। इसके अलावा प्राथमिक उपचार में उपयोग होने वाली आवश्यक दवाएं भी डिस्पेंसरी में उपलब्ध रहेंगी। यदि किसी विद्यार्थी या कर्मचारी को प्राथमिक उपचार से आगे विशेषज्ञ चिकित्सा की आवश्यकता होती है, तो उसे बेहतर उपचार के लिए कैरियर मेडिकल कालेज रेफर किया जा सकेगा। वि

# इन्क़िलाबी नज़र

आवाज़ ... आम आदमी की

लखनऊ, बुधवार, 26 अगस्त 2026

हज़ार योद्धाओं पर विजय पाना आसान है, लेकिन जो अपने ऊपर विजय पाता है वही सच्चा विजयी है।
- गौतम बुद्ध

वर्ष 18 अंक 354 मूल्य 4-00 रुपया पृष्ठ-12

तापमान - अधिकतम 30.4°C (-3.3) न्यूनतम 27.4°C (+2.0) सेंसेक्स 77,656.09 (-286.98) निफ्टी 24,334.55 (-115.50) सोना 1,58,660 चांदी 2,60,000 मुद्रा - डालर 95.28 दिरहम 25.94 रियाल 25.41




# भाषा विवि में एरा व कैरियर के चिकित्सक देंगे सेवाएं

**लखनऊ (सं)।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय ने विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। विश्वविद्यालय में चिकित्सा सुविधा को और मजबूत करते हुए अब एरा मेडिकल यूनिवर्सिटी एवं कैरियर मेडिकल कॉलेज के साथ हुए एमओयू के तहत चिकित्सकीय सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इससे पहले विश्वविद्यालय का एमओयू हिंद मेडिकल कॉलेज के साथ था, जिसके तहत एक चिकित्सक प्रतिदिन विश्वविद्यालय की डिस्पेंसरी में अपनी सेवाएं देते थे।

अब नई व्यवस्था के अंतर्गत एरा मेडिकल यूनिवर्सिटी एवं कैरियर मेडिकल कॉलेज के चिकित्सक एवं नर्सिंग स्टाफ विश्वविद्यालय में सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक उपलब्ध रहेंगे। नई व्यवस्था के तहत विश्वविद्यालय की डिस्पेंसरी में विद्यार्थियों एवं विश्वविद्यालय परिवार को सामान्य स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के लिए प्राथमिक उपचार की सुविधा मिलेगी। यहां ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर सहित आवश्यक शुरुआती जांच की सुविधा उपलब्ध रहेगी।